Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 02-04-2022 | अंक 185

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### हीटर में खाना बनाने के दौरान महिला झुलसी, रेफर



बरही थाना अंतर्गत करियातपुर निवासी पूनम देवी उम्र 24 वर्ष पति शक्ति चंद्रवंशी शुक्रवार रात में हीटर में खाना बनाने दौरान गंभीर रूप से झुलस गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूनम देवी अपने किचन में खाना बना रही थी, उसी दौरान करेंट से श०र्ट सर्किट हुआ। जिसमे पूनम देवी गंभीर रूप से झुलस गई, वहीं बचाने गए भतीजा धीरज कुमार उम्र 25 वर्ष भी झुलस गया। आनन फानन में परि. जनों ने दोनो को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### ड०अ अर्चना की मौत के विरोध में अनुमंडलीय अस्पताल की ओपीडी सेवा रहा बंद





रांची की गोल्ड मेडलिस्ट डॉ अर्चना शर्मा की राजस्थान के दौसा में हुई मौत के विरोध में शनिवार को अनुमंडलीय अस्प्ताल की ओपीडी सेवा पूर्णतः बंद रहा। कई मरीज जानकारी नही होने के वजह से अस्पताल आने के बाद बैरंग लौटना पड़ा। कुछ देर के बाद ह०स्पिटल में सन्नाटा पसर गया। ओपीडी रूम में ताला लटके रहे। विदित हो कि ड० अर्चना शर्मा ने रा. जस्थान के दौसा एक ह०स्पिटल में कार्यरत थी। एक प्रसूता की मौत के बाद परि. जनों ने उस ड०क्टर पर हत्या का केश कर दी थी। जिसके बाद वह काफी परेशान थी। इस वजह से वह खुद सुसाइड कर ली। सुसाइड नोट में लिखा कि इसमे उनकी गलती नही थी। इसके बाद भी उन्हें गलती ठहराने का प्रयास किया गया। मेरी मौत ही निर्दोष साबित कर सकती है। इस ह्रदय विदारक घटना के बाद पूरे देश मे विरोध किया जा रहा है।

APEM LIVE

## खबर का असर

# साफ कराया जा रहा है अनुमंडलीय अस्पताल की टंकिया





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के भवन के ऊपर रखी सभी टंकिया को साफ कराई जा रही है । ज्ञात हो की पिछले एक सप्ताह से अनुमंडलीय अस्पताल के बीपीएम नारायण राम से अपेम की टीम ने टंकियों में लगी शैवाल और गंदगी को साफ कराने का आग्रह किया था, उन्होंने आश्वासन दिया की बहुत जल्द ही सभी टंकियों को साफ करवा दिया जायेगा लेकिन बीपीएम नारायण राम ने इसे नजरंदाज कर दिया। जब कल इस खबर को अपेम लाइव न्यूज में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया तो शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल के अधिक. ारी हरकत में आए और अस्पताल में लगी सभी टंकियों को साफ कराया जा रहा है।



Reg. No. :- JH-11-0004329
अपेम लाइव न्यूज
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)
दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 01-04-2022 | अंक 184
Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

बरही अनुमंडलीय अस्पताल की जलापूर्ति व्यवस्था ऐसी, देखते ही हो जाएगी उल्टी, तस्वीरे ब्यां कर रही है अस्पताल की जलापूर्ति व्यवस्था

छह माह से बिना ढक्कन का है पानी की टंकीयां, काई, शैवाल एवं गंदगी से भरा पडा है पानी टंकी, अपेम लाइव ने एक सप्ताह पूर्व ही डीएस एवं बीपीएम से ढक्कन लगाने के लिए किया था आग्रह, आश्वासन के बाद भी नही हुआ साफ

डीएस के निर्देश को ठेंगा दिखाता है बीपीएम, निर्देश के बाद भी नही दिया ध्यान, जबकि सफाई कर्मियों का है अस्पताल में भरमार, 12 साल से जमा है बीपीएम, किसी से नही है इनको डर, स्थांतरण की मांग

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

# जवाहर घाट की पहाड़ी पर लगी आग को कोबरा के जवानों ने जान जोखिम में डाल बुझाया

## पर्चा वितरित कर जंगल मे आग नही लगाने एव लगने पर तुरन्त बुझाने की किया अपील

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पटना रोड स्थित कोबरा वाहिनी 203 के जवानों ने जवाहर घाट के जंगलों में लगी आग को देखते ही इसकी सूचना द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार को दिया। जिसके बाद द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार ने जवानों को निर्देश दिया कि किसी भी हालत में जल्द से जल्द आग को बुझाया जाए। जवानों ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक जटिल दिखने वाली आग पर कुछ ही घंटों में काबू पा लिया। बता दे कि बरही जवाहर घाट के पोड़ैया पहाड़ के समीप जंगल में आग लग गयी। आग पर काबू पाने में डिप्टी कमांडेंट बीरेन्द्र खंड. ेलवाल, सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार यादव, धनपाल सिंह, विजय करण, शुवकान्त कुमार सहित कोबरा के अन्य जवानों के साथ पहुंचे और मोर्चा संभालते हुए जटिल आग पर कुछ ही समय में काबू पा लिया। हालांकि इसकी सूचना उन्होंने अग्निशमन को भी दिया। जिसके बाद अग्निशमन भी पहुंची और आग को बुझाने में सहयोग किया। साथ ही कोबरा के जवानों ने गांव गांव में जाकर पम्पलेट वितरित कर लोगो से अपील किया कि किसी प्रकार से जंगल को क्षति न पहुंचाये। आग नही लगाए एवं कही कोई जंगल में आग लग गया हो तो उसे तत्काल बुझाने का काम करें। आग बुझाने वालो में कोबरा के उच्च पदाधिकारियो के साथ जवान शुवकान्त कुमार, जोहितिभा महिष, टीपी सिंह, वीनोद टीपी, एस एस मरांडी, अजय कुमार आदि ने महत्ती भूमिका निभाया।





आग बुझाने वाले जांबाज कोबरा के जवान

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकला भव्य कलश यात्रा,

### विधायक ,पूर्व विधायक सहित विद्वतजन हुए शामिल, नित्यदिन होगा भक्ति कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





बरहीडीह के भगवती मंदिर में शनिवार को नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाला गया। हज़ारो की संख्या में महिलाएं एवं बच्चियां कलश लेकर गाजे बाजे के साथ बरही डीह नदी घाट पहुंचे और पूरे विधि विधान के साथ कलश में जल भरकर बरहिडीह का भ्रमण कर वीर कुंवर सिंह पथ ,हज़ारीबाग़ अफीम कोठी होते हुए बजरंग बली मंदिर पहुंचे। वहाँ पूजा अर्चना कर वापस जय माता दी और जय श्रीराम एवम जय हनुमान का नारा लगाते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचे। वहां मुख्य यज्ञाचार्य रामचंद्र पांडेय, महेंद्र पांडेय, परमानंद पांडेय, उपेंद्र पांडेय, कृष्णा पांडेय, अनुज पांडेय, रामलखन पांडेय, बीरेंद्र पांडेय सहित उपस्थित अन्य विद्वतजन मिलकर विधि विधान के साथ कलश स्थापित की। बतौर यजमान अशोक सिंह पत्नी संगीत देवी, इंद्रदेव ठाकुर पत्नी रेखा देवी, विनय सिंह पत्नी रेखा देवी, अजय पांडेय पत्नी प्रमिला देवी ने पूजा अर्चना की। जल यात्रा में विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज यादव, अपेम मुख्य संरक्षक सह व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, भजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अर्जुन साव, सद्भावना अध्यक्ष राजसिंह चौहान , तपेश्वर प्रसाद, सिकन्दर राणा, देवनंदन यादव, मुखिया मनोरम देवी, सुमन देवी, यज्ञ कमेटी से अध्यक्ष नागेश्वर केशरी, सचिव देवधारी प्रजापति, कोषध्यक्ष राजकुमार राणा, उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कैलाशपति सिंह, मनोज पासवान, राजकुमार केशरी, मोती सिंह, अधिवक्ता कुंदन शर्मा, कृपाल राणा, अरुण शर्मा, मनोज सिंह, राजवंशी सिंह, पिंटू ठाकुर, अमित सिंह, महेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, छोटू सिंह, भरत राणा, बद्री साव, रा. जदेव साव, नंदन केशरी, छोटी ठाकुर, पार्वती देवी, दिनेश प्रजापति, अनुज प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, केदार ठाकुर, विनय सिंह, धर्मेंद्र सिंह,चंदन सिंह, छोटी पांडेय, उमेश केशरी, संगीता देवी, सहित हज़ारो लोग शामिल थे।

## चाणक्या आईएस एकेडमी गरीब मेधावी बच्चों को बनाएगा आईएस, आईपीएस, करियर काउंसिलिंग जल्द : विनय मिश्रा

### स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय को विकसित करेगा चाणक्या, एकेडमी के 5 सदस्यीय टीम ने लिया जायजा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पुस्तस्कलय का जायजा लेते चाणक्या आईएएस एकेडमी की टीम

चाणक्या आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा एवं एकेडमी के जीएम रीमा मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार देर शाम एकेडमी के 5 सदस्यीय टीम प्रखण्ड परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय का जायजा लिया। टीम में शामिल वाइस प्रेसिडेंट बिनय मिश्रा सहित टीम के लोगों ने स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के कार्यकारी अध्यक्ष संजय वर्णवाल एवं सचिव कृष्णा प्रजापति से पुस्तकालय के विकास को लेकर चर्चा की। कार्यकारी अध्यक्ष संजय वर्णवाल ने पुस्तकालय के लिए जरूरी आधारभूत संरचना एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पुस्तकों की आवश्यकता से अवगत कराया। पुस्तकालय के विकास में चाणक्या आईएएस एकेडमी की भूमिका प्रकाश डालते हुए विनय मिश्रा ने कहा कि चाणक्या स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय को आदर्श एवं सुसज्जित पुस्तकालय बनाने में स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट को भरपूर सहयोग करेगा। जरूरत के अनुसार प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए न केवल पुस्तक उप्लन्ध कराएगा, बल्कि समय समय पर चाणक्या की ओर से करियर काउंसिलिंग भी निशुल्क कराई जाएगी। ताकि बरही अनुमंडल के बच्चे भी आईएस, आईपीएस, जेपीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं को आ. सानी से पास आउट होकर अपने बरही एवं झरखण्ड का नाम रौशन कर सके। जीएम रीमा मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद पुस्. तकालय को हमलोग शिक्षा के हब के रूप में विकसित करेंगे। निशुल्क करियर काउंसिलिंग कर बच्चों को उनके सपने को पंख देंगे। आईएएस, आईपीएस को लेकर समाज मे फैले भ्रांतियों को दूर करेंगे। टीम में शामिल सेवानिवृत बीडीओ बड़कागांव सह हज़ारीबाग़ हेड अनवर हुसैन, अवधेश कुमार, मोहन कुमार ने भी अपना सुझाव देते हुए पुस्तकालय विकास का संकल्प लिए। मौके पर संजय वर्णवाल, कृष्णा प्रजापति, रमेश ठाकुर, राजेन्द्र रुख़रीयार, शम्भू माली, प्रख्यात कुमार, सहित कई लोग मौजूद थे।

## भामाशाह में मनाई गई आरएसएस के सरसंघ चालक केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक परम पूज्य डoक्टर केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती सह वर्ष प्रतिपदा ( हिंदू नव वर्ष ) उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय जी द्वारा सरसंघचालक जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प व दीप प्रज्व. लित कर किया गया। इस मौके पर विद्यालय के आचार्य चंद्र मोहन मिश्र जी ने कहा कि हमारे ग्रन्थों के अनुसार चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को ही त्रिदेवों में से एक ब्रह्मदेव ने सृष्टि की रचना की थी, इसीलिए हिन्दू समाज भारतीय नववर्ष का पहला दिन हर्षोल्लास से मनाते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय ने हिंदू नव वर्ष की शुभकामना देते हुए कहा कि डॉ हेडगेवार राष्ट्र व हिंदुत्व की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले आरएसएस के संस्थापक थे। साथ ही भामाशाह विद्यालय द्वारा संचालित दो संस्कार केंद्र भुईया टोली हरला और टिटही सिंघरावां में हिंदू नव वर्ष मनाया गया और कोरोना महामारी में बंद पड़े इन दोनों संस्कार केंद्रों का पुनः उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य और दीदी जी की सराहनीय भूमिका रही।

APEM
LIVE

## श्री श्री 1008 शतचंडी नौ दिवसीय महायज्ञ कलश यात्रा के साथ खेरौन में शुभारंभ

### लाखो की लागत से बना यज्ञशाला है आकर्षण का केंद्र

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





बरही प्रखंड के केदारूत पंचायत अंतर्गत खेरौन गांव में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुभा. रंभ हुआ। बताते चलें कि खेरौन मंदिर परिसर में लाखो की लागत से भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया गया है जो पूरे क्षेत्र में धर्म प्रेमियों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, संभवत यह यज्ञशाला पूरे झारखंड प्रदेश में पहला ऐसा होगा। कार्यक्रम में आचार्य अमित उपाध्याय वाराणसी उपाचार्य रजनीश द्विवेदी काशी ब्राह्मण राम नरेश त्रिवेदी वैदिक मुरली जोशी कौशल किशोर शुक्ला संजय पांडे कृपाचार्य मिश्रा मनीष दीक्षित सुबोध उपाध्याय गौरी शंकर त्रिवेदी मंदिर पुजारी भुनेश्वर पांडेय से कलश स्थापना का विधि विधान सम्पन्न कराया। जल यात्रा में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, विधायक उमाशंकर अकेला, राष्ट्रपति पुरस्कृत ईशो सिंह, रमेश ठाकुर, अर्जुन सिंह, राजसिंह चौ. हान, प्रदुम्न सिंह, अशोक सिंह ,विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा विनोद कुमार यादव , तपेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया सिब्बल सिंह ,भोला सिंह, अशोक सिंह, नरेश सिंह ,लोकेश सिंह ,सत्येंद्र सिंह, ठाकुर अर्जुन सिंह, प्रदुमन सिंह, गोपाल साव ,राकेश सिंह (शिक्षक) अभय सिंह ,अवधेश सिंह, राजेश सिंह ,रामचंद्र साहू, अधीन यादव, पवन सिंह, मनोज सिंह ,राजेंद्र सिंह ,सरजू सिंह ,शंभू सिंह ,रंजीत सिंह ,बीरबल सिंह ,उमेश सिंह, विजय सिंह ,अवध सिंह ,प्रकाश सिंह, प्रदीप सिंह, कौलेशवर साव, धीरेंद्र साव, सकलदेव सिंह ,वीरेंद्र सिंह इसके साथ ही यज्ञशाला निर्माण एवं यज्ञ समिति के पूरे खेरौन गांव निवासी शामिल रहे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

## RAINBOW SCHOOL BARHI
Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag
Contact Number- 8210966457,8863095445
(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस




फिजिकल और रिटेन दोनों की तैयारी करवाई जाती है।
नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।
Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)
Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881
Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)
Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)
Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग



वादा नहीं विकास करेंगे...
जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से
पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु
युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार
उम्मीदवार
## कपिल प्रसाद केशरी
को अपना बहुमूल्य
मतदान देकर भारी मतों से
विजयी बनाएं...!

सोच हमारी
विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



जोश है, होश है,
संकल्पों से यारी है



विकास,समृद्धि और खुशहाली
की बारी है

## कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## किसकी आदेश से बनी वन भूमि पर बनी विद्यालय, शॉपिंग मॉल

### जमीन मापी की गई, मामले की जानकारी उच्च अधिकारीयों को दी गई : वन विभाग अधिकारी

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**





चलकुशा :- प्रखंड क्षेत्र अंतगर्त ग्राम बरियोंन में भूमाफियाओं के द्वारा वन भूमि पर अतिक्रमण कर प्रा. इवेट स्कूल, शॉपिंग मॉल, एंव दुकान बनाया गया। मामले की जानकारी वन अधिकारी को ग्रामीणों ने कई बार दी। इसके बावजूद भी अधिकारी मौन नजर आ रहे हैं। मामला चलकुशा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरियोंन के खाता नंबर 41 प्लॉट नंबर 300 का हैं। आपको बता दें कि भूमाफियाओं के द्वारा लगातार कब्जा की जा रही हैं। अधिकारियों की वजह से राजस्व को भारी नुकसान सहना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। वन अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति कर रही है। और अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों के बीच कई तरह की सवाल खड़े हो रहे हैं। कहते है ग्रामीण किसकी आदेश से बनी है वन भूमि पर प्राइवेट स्कूल, श०पिंग मॉल, दुकान हैं। जवाब का इंतजार हैं??

## विष्णुगढ़ की जेआरजी बैंक शाखा बीमा योजना में अव्वल

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



बैंक परिसर में केक काटकर खुशी का इजहार करते जेआरजी बैंककमह्ल

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में जेआरजी बैंक की विष्णुगढ़ शाखा को अव्वल स्थान मिला है। राज्य के 442 बैंक शाखाओं के बीच इस उपलब्धि पर बैंक परिसर में सम्मान कार्यक्रम सह चौथा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक मुक्ति कुमार, कैशियर नितेश सोमानी, लक्ष्मी कुमार गौतम समेत अन्य गणमान्यों की उपस्थिति में उपलब्धि पर केक काटकर खुशियां मनाई गई। शाखा प्रबंधक ने बताया कि शाखा के लिए यह गौरव की बात है। एडवांस ग्रोथ में भी शाखा टॉप टेन शाखाओं में शुमार है। इसके अलावा उन्होनें बैंक शाखा की अन्य उपलब्धियों के बारे में भी बताया। मौके पर सर्वोत्तम काम करने वाले तीन सीएसपी प्वाइंटों के संचालक रमुवां के दिलीप कुमार, खरकट्टो के बिनोद कुमार साव तथा गाल्होबार के रंजीत कुमार को सम्मानित किया गया। इसके अलावा बेहतर प्रदर्शन के लिए दो बैंक सखी सोनिया कुमारी तथा रीना कुमारी को भी सम्मानित किया गया। मौके पर मड़मो मुखिया सह प्रधान महेन्द्र गंझू, जोबर उपमुखिया टहल महतो, जेएसएलपीएस बीपीएम राम. गिरी उरांव, ग्राम विकास मंच सचिव सुदामा सिंह, लखनलाल बर्मन, देवेन्द्र महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## कुंदरू जंगल से पुलिस ने अवैध कोयला लदा तीन ट्रैक्टर पकड़ा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



पकड़ा गया ट्रैक्टर

अवैध कोयला कारोबार संच. ालन को लेकर पुलिस के द्वारा सघन छापेमारी की जा रही है । बीती रात शुक्रवार को बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत अंगों पंचायत स्थित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र कुंदरू जंगल से पुलिस ने अवैध कोयला लदा तीन ट्रैक्टर जप्त किया है। जप्त ट्रैक्टर को पुलिस ने करवाई के लिए थाना ले लाई है। मामले को थाना में मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी थी । छापेमारी में मुख्य रूप से अवर पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार , आनंद मोहन के अलावा सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे।

APEM
LIVE






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## 11वी पूर्णतिथि तिलकधारी राय की मनाया गया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**





बिरनी प्रखंड अंतर्गत मिना बाजार में तिलकधारी नारयण राय की 11वी पूर्णतिथि मनाया गया।जिसमें इस सभा की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह ने कर रहे थे। वही संचालन बलिया पंचायत समिति के प्रतिनिधि सगीर अंसारी कर रहे थे। इस सभी की शुरुआत उनके लिए दो मिनट मौन धारण करके उनके चित्र पर माल्यर्पण करते हूवे।श्रंद्धाजलि अर्पित किया वही पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह ने सभा की संबोधित करते हुवे कहां की वे तिलकधारी राय वे थे। जो कि जातिधर्म कभी नहीं करते थे,वही बलिया पंचायत को भर्ष्टाचार से मुक्त करवाया था,वे एक विकलांग रह कर आपने हिम्मत को जनता को दिखाया और फिर भर्ष्टाचार को मिटाया, वही सीताराम सिंह ने कहा कि सिंह को पहले बार कोलक. ाता हॉस्पिटल में मिले थे। जब वे बीमारियों से गरिष्ट थे। और मिलने के बाद उन्होंने कहा कि क०मरेड जी आज हम जंग से जीत गया। और सभी की संबो. धित मुस्तकीम अन्सारी ने कहा कि जो झारखण्ड सरकार द्वारा कूछ महीने पहले हर पंचायत में सरकार आपके द्वारा का कार्यक्रम आयोजन करके पूरे जनता को आवेदन लिया गया है। जो नब्बे दिनों से ज्यादा बीत गए हैं। ओर कोई भी जनता को लाभ नहीं मिला है। अंसारी ने कहा कि सभी को एक दिन करके बिरनी मुख्यालय चलना है,ओर बीडीओ सीओ से सवाल करना है कि अभी तक इस पर कार्य क्यों नहीं कर रहे हैं। वही सभा की संपत्ति नारो से किया गया। जिसमें उपस्थित रहे पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह, राज्य कमेटी सदस्य सह माले नेता मुस. तकीम अन्सारी, सिमराढाब पूर्व मुखिया, वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि रामु बैठा,हरिहर राम,रामविलास पासवान,डा० अब्बास, बलिया पंचायत समिति समीना खातून,पंचायत समिति प्रति. निधि सगीर अन्सारी,साबरा खातून,गीता देवी अल्लाहुदिन अन्सारी,कमरुल,इरफान अश्रेष सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुषों उपस्थित थे।

## ओमान में विष्णुगढ़ के मजदूर को साइट इंचार्ज ने मारपीट कर किया घायल

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



मारपीट में घायल मजदूर

ओमान में विष्णुगढ़ से काम करने गए एक ट्रांसमिशन मजदूर को साइट इंचार्ज ने बेरहमी से मारपीट की है। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल मजदूर प्रखंड के चानो निवासी गोपाल महतो पिता मेघलाल महतो है। मारपीट का आरोप साइट इंचार्ज प्रखंड के बकसपुरा टोला सेहदा निवासी ठाकुर महतो पिता होपन महतो पर लगा है। घायल मजदूर ने दूरभाष पर बताया कि वे साइट इंचार्ज ठाकुर महतो के माध्यम से अल करैश ट्रांसमिशन कंपनी में बतौर मजदूर काम करने के लिए गए थे। इसके एवज में ठाकुर महतो प्रत्येक मजदूरों से 70 हजार रूपए लिया था। ओमान में करीब चार महीने काम करने के बाद भी कंपनी ने वेतन का भुगतान नहीं किया। इसे लेकर साइट के लगभग 300 मजदूर हड़ताल पर चले गए। कुछ दिनों बाद समझौते के उपरांत कंपनी मात्र दो माह का वेतन भुगतान करना शुरू की। जिसका विरोध शुरू करते हुए मजदूरों ने पूरे पांच माह का वेतन भुगतान करने की मांग की। पीड़ित मजदूर ने आरोप लगाया कि साइट इंचार्ज कंपनी का बिचौलिया है। पूर्ण वेतन भुगतान की मांग से क्षुब्ध साइट इंचार्ज बीते गुरूवार की रात शराब के नशे में अपने साथी रोहित महतो, मनोज महतो, अनंतलाल महतो तथा दामाद नीलकंठ महतो के साथ कमरे में पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट की। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच बचाव करने आए राजू महतो तथा बबलू कुमार को भी बंधक बनाकर जान मारने की धमकी दी है।

## विष्णुगढ़ : आग लगने से एक साथ चार घर जलकर खाक

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में आगजनी के घटना के बाद जला हुआ घर

प्रखंड के भेलवारा पंचायत अंतर्गत उरगी गांव में आग लगने से एक साथ चार घर जलकर खाक हो गए। घटना शुक्रवार रात लगभग 11 बजे की है। भीषण अगलगी में चारों घरों में लाखों रूपए कीमत के जेवर, 70 हजार रूपए नकदी, खाद्यान्न, जरूरी कागजात, बर्तन समेत सभी घरेलू सामान जलकर खाक हो गए। अगलगी के कारण रात भर गांव में अफरातफरी का माहौल बना रहा। रात करीब दो बजे हजारीबाग से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित गृह-स्वमियों में प्रमिला देवी पति कार्तिक सिंह, मो सावित्री पति स्व. नागेश्वर सिंह, पारो देवी पति रघु सिंह तथा जमुनी देवी पति टेकलाल सिंह शामिल हैं। चारों परिवार का घर अगल-बगल स्थित है। बताया जाता है कि रात का खाना खाकर सभी परिवार गहरी नींद में थे। इसी बीच खपरैल मकान का एक हिस्सा धू-धूकर जलने लगा। आसपास के लोग आग की उठ्ती तेज लपटें देख हो-हल्ला किए। तब सभी लोग तेज लपटों के बीच से किसी तरह अपनी जान बचाकर निकले। चारों घरों में बच्चे, बूढ़े, महिला समेत करीब एक दर्जन से अधिक लोग रहते हैं। लकड़ी चूल्हे की चिंगारी से घटना की संभावना जताई जा रही है। बताया कि ग्रामीणों का प्रयास और फायर ब्रिगेड की टीम समय पर नहीं पहुंचती तो आसपास के अन्य घर भी आग की चपेट में आ जाते। जिप सदस्य जयप्रकाश पटेल, मुखिया प्रतिनिधि थानेश्वर महतो आदि ने घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया और प्रशासन से मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। चारों परिवारों के समक्ष अब खुले में रहने की नौबत आ गई है।

## गाडेय विधायक ने फीता काटकर उद्घाटन किया दुकान

**अपेम लाइव :**
**गिरीडीह टाउन**
**आदित्य पांडेय**




आज शनिवार को पचम्बा गिरिडीह मुख्य पथ पर स्थित मोहनपुर में रिजवान वीडियो एंड फोटोग्राफी दुकान का फीता काटकर गांडेय विधायक ड०क्टर सरफराज अहमद ने उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक ने कहा की वर्तमान समय में पढ़ें लिखे नौजवान स्वरोजगार अपना कर अपनी जिंदगी खुशहाल बना रहे हैं और अच्छी खासी इनकम कमा रहे हैं ।आज के तकनीकी युग में वीडियो फोटोग्राफी की अच्छी खासी मांग है। दुकान संचालक रिजवान ने कहा के मैं लोगों को हमेशा अच्छे क्वालिटी की फोटो विडीयो ग्राफी और सस्ती सेवा दूंगा। कभी भी किसी ग्राहक को शिकायत का मौका नहीं मिलेगा ।आज के इस उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से नौशाद आलम मिर्जा मुमताज अधिवक्ता वार्ड नंबर 5 के वार्ड पार्षद राशिद नूर अहमद विधानसभा महासचिव एहसान अली युथ सेक्रेटरी गुलाम मुस्तफा मौजूद रहे।






दिनांक: 02-04-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 06

## सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन तथा आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पूजा मनाने का निर्णय

**अपेम लाइव : प्रतापपुर चतरा कुमार चंदन**



मुख्यालय स्थित थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया।बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी जुल्फिकार अंसारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी मुरली यादव ने संयुक्त रूप से किया जबकि संचालन मिस्टर आलम अशरफी ने किया।बैठक में उपस्थित लोगों तथा रामनवमी पूजा समिति के लोगों को रामनवमी पूजा को लेकर सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन को बताया गया।बैठक में रामनवमी पूजा को शांतिपूर्ण ,आपसी भाइचारे तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में बताया गया कि जुलूस मे 100 से ज्यादा लोग नही रहेंगें तथा एक जगह चार पांच जुलूस मिलने पर 1000 लोग से ज्यादा लोग जुलूस में नही रहेंगें।इसके अलावे शाम 6 बजे तक सभी जुलूस खत्म करने,डीजे के साथ साथ सभी प्रकार संगीतों पर प्रतिबंध लगाने तथा पा. रंपरिक वाद्य यंत्रों( ढोल, तासा)को ही बजाने का निर्देश दिया गया।बैठक में असमाजिक तत्वों तथा सामाजिक समरसता बिगा. डनें वाले असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने,किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना होने या अप्रिय घटना होने की संभावना की सूचना तुरंत थाना प्रभारी ,मुखिया तथा निर्वाचित जनप्रति. निधियों को देने की बात कही गई।बैठक मे भड़काऊ संगीत बजाने पर प्रतिबंध रहने तथा जुलूस को निर्धारित रुट से ही निकलने का निर्देश दिया गया।बैठक में सीडीपीओ अभिषेक पांडेय,पुलिस निरीक्षक रंजीत रौशन,थाना प्रभारी बिनोद कुमार,भाजपा मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार,प्रखंड सांसद प्रति. निधि सत्येंद्र पासवान,प्रमुख प्रतिनिधि कपिल पासवान,बसंत पासवान,भीम सिंह,खेदू यादव,अतीक मंस. ूरी,रोहित कुमार,आफताब आलम,रीना देवी,आजो खान,अजमतुल्ला,मो.लाइक आलम, खुर्शीद आलम,रामदयाल भारती तथा रामाशीष पांडेय,निर्मल कुमार, अजीत कुमार पांडेय,पवन कुमार, इन्द्रजीत कुमार, मनीष कुमार, ऋषि कुमार, मुकेश सिंह, राजन कुमार, सीता यादव, सन्मुख यादव, आशुतोष कुमार, सहित दोनों समुदायों के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## महुगाई खुर्द में महीनों से खराब जल मीनार पेयजल की किल्लत

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत पंचायत चंदौल अंतर्गत महुगाई खुर्द उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बना जल मीनार कई दिनों से खराब पड़ा है। लाखों की लागत से बनी जल मीनार कई महीनों से खराब हो जाने के कारण ग्रामीणों को पेयजल की घोर संकट से जूझना पड़ रहा है । पेयजल विभाग को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।चंदौल पंचायत के मुखिया बिंदिया देवी से पूछे जाने पर उन्हा. ेने कहा कि मिस्त्री से बातचीत की जा रही है जल्द से जल्द मरम्मत करा दी जाएगी।

## बड़कागांव में बाबा ड्रेसेस का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**



हजारीबाग रोड स्थित स्टूडियो अंशु ग्रीन पार्क के ऊपरी तल्ले पर बाबा ड्रेसेस थोक विक्रेता संस्थान का शुभारंभ क्या गया। प्रोपरा. इटर अजय कुमार पांडे पूजा अर्चना करने के पश्चात संस्थान का शंखनाद किया। प्रोपराइटर अजय कुमार पांडे ने कहा कि हमारे नए संस्थान में सभी प्रकार के वस्त्र थोक भाव में बेची जाती है।

उद्घाटन के मौके पर और पुलिस निरीक्षक चानेश्वर किस्कू, शिक्षक चेतलाल राम, जोगन राम, अभिमन्यु तिवारी भुनेश्वर राणा ,अविलाष कुमार पांडे, भीखन, कनाई साब, सत्तार मियां, अरुण के अलावा कई गन्ने मान लोग उप. स्थित थे।

## बड़कागांव वन क्षेत्र में आग लगाने मामले में एक पर कानूनी कार्रवाई करते हुए भेजा गया जेल

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**



छापामारी करते वन विभाग के कर्मी



बड़कागाँवरू प्रखण्ड के कई जंगलों में इन दिनों आग लगी हुई है। लोग अपनी निजी स्वार्थ के लिए जंगलों में आग लगा देते हैं। इन दिनों पूरे प्रखंड में महुआ चुनने की कार्य जोरों पर है। महुआ चुनने के चक्कर में लोग पेड़ों के नीचे आग लगा देते हैं,जिससे आग पुरे जलंग में फैल जाती है। इस आग की लपेट में जंगल के कई प्राणी चपेट में आ जा रहे हैं और जीव जंतु जलकर नष्ट हो जा रहे हैं। जिससे जैव वि. विधता को भारी नुकसान हो रहा है। बता दें कि पूरे प्रखंड में 125 से भी अधिक ऐसे गांव हैं जो जंगल से घिरे हुए हैं। आए दिन इन जंगलों में अवैध लकड़ी की तस्करी और खनन जैसे कारोबार होते रहते हैं,लेकिन इतनी बड़ी संख्या में गांव को देखरेख करने के लिए बड़कागांव वन विभाग क्षेत्र के अंतर्गत मात्र 7 अधिकारी ही हैं। इन सात अधिकारियों के लिए मात्र एक वाहन है। साथ ही वन में लगे आग पर नियंत्रण पाने को लेकर संसाधन की भी कमियां हैं।

जिसे लेकर सरकार को इस और ध्यान देने की आवश्यकता है। बड़कागांव वन विभाग के अंतर्गत 51 हजार हेक्टर भूमि आता है। अधिकारियों के अभाव में इतने बड़े क्षेत्र का देखरेख सही से नहीं हो पा रहा है। वन में आग लगाने वालों को लेकर बड़कागांव के रेंजर छोटे लाल साहू ने कहा कि पर्यावरण को नष्ट करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर वन अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी आलोक में प्रखंड के पसरिया चिरवा निवासी मुखलाल मांझी को जेल भेजा जा चुका है वहीं एक अभियुक्त लेखलाल मांझी फरार है। वन में लगी आग को बुझाने को लेकर वन विभाग के भोला साहू, मनोरंजन कुमार, भ. ूपेंद्र प्रसाद, विनोद बेसरा, अर्जुन यादव और केशव महतो अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ नौ दिवसीय महायज्ञ

## भक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए

**अपेम लाइवः बिरनी सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के केंदुआ पंचायत अंतर्गत सलेडिह कला गांव में चौती नवरात्राश्री महायज्ञ का आयोजन को लेकर शनिवार को कलश यात्रा मंदिर परिसर से 121 महिला और कन्याओं ने भाग लिया .कलश यात्रा मैं सभी संबंधित भक्त भगवा अंग वस्त्र एवं जय श्री राम के नारे और भगवान का भव्य जुलूस गाजे बाजे के साथ से प्रारंभ किया गया जो उत्तरवाहिनी नदी दूधपनिया नदी जरिडिह मैं आचार्य वा पंडितो द्वारा वैदिक मंत्र का उच्चारण करते हुए पूजा अर्चना के साथ किया कलश यात्रा में मुख्य रूप से झारखंड सेवा संघ के सचिव सुरेंद्र वर्मा राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश वर्मा संगठन मंत्री पिंकू वर्मा चंद्रिका महतो जागेश्वर साहू विनोद कुमार वर्मा सहदेव वर्मा मिथिलेश कुमार वर्मा रंजीत कुमार वर्मा हुरो राय परमेश्वर साह अशोक वर्मा पुरुषोत्तम वर्मा ब्रह्मदेव वर्मा समेत सैकड़ों महिला पुरुष वा बच्चे शामिल थे । विधि व्यवस्था को लेकर यज्ञ समिति पूरी तरह से तैयार थे

## बिरनी :-घर मे लगी आग हजारों की संपत्ति जल कर राख

**अपेम लाइवः बिरनी सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बलगो पंचायत के बलगो गांव निवासी भुनेश्वर वर्मा की खपरैल घर मे अचानक आग लग गई।जिसमें में रखा सारा साम्रगी समेत खपरैल घर को आने ने आपने चपेट में ले लिया।आग कैसे लगी यह एक पहली बन के रह गया।इस इतना भयानक रूप ले लिया कि कुछ ही पल में सारा साम्रगी जलकर राख हो गया। आग की लपटें पर कब ग्रमीणों ने देखा तो स्थानीय लोगों ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया। ग्रमीण ने इस घटना की सूचना बिरनी बीडीओ को दे दिया है।वही बिरनी बीडीओ को जब इस सूचना की जानकारी पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हमे इस घटना की सूचना नहीं मिला है। सवाल यह उठता है कि बिरनी में दमकल वाहन क्यों नहीं है ?

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा रामनवमी के दिन किया जाएगा 251 किलो लड्डू का वितरण

### प्रभु श्री राम को 11 किलो के बने लड्डू से लगाया जाएगा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रीतेस खंडेलवाल**

दो वर्षो के बाद राम भक्तों में आया है उत्साह,तो बड़ा बाजार यूथ विंग भी कर रहा है कार्यक्रम :– महासचिव चंद्रप्रकाश जैन कार्यक्रम को लेकर सभी सदस्य गण अति उत्साहित हैं – विशाल खण्डेलवाल हज़ारीबाग़रू– जहां एक और पूरे विश्व में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव रामनवमी को पूरे उत्साह पूर्वक मनाया जाता है तो वहीं झारखंड के हजारीबाग जिले में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव को भी बड़े धूमधाम से मनाया जाता है तो वहीं धार्मिक एवं सामाजिक कार्यो में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने वाला बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा रामनवमी के पावन पर्व 10 अप्रैल दिन रविवार को हजारीबाग के महावीर स्थान मंदिर के समीप 251 किलो लड्डू का वितरण किया जाएगा। सर्वप्रथम भगवान श्रीराम को 11 किलो के बने एक लड्डू से भोग लगाया जाएगा। जिसके पश्चात सभी राम भक्तों एवं आम जनमानस के बीच लड्डू का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को विशेष सफल बनाने में :– संरक्षक भैया अभिमन्यु प्रसाद, महासचिव चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष विशाल खण्डेलवाल,सचिव अमर जैन, रितेश खण्डेलवाल, जयनंदन सिन्हा, विकास केसरी, अभिषेक अग्रवाल, निखिल खंडेलवाल, पीयूष खंडेलवाल, वीरेंद्र गर्ग बिट्टू बिहारी,ऋत्विक कुमार, अमित कुमार,सत्य नारायण सिंह सहित कई लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने योगदान मिल रहा है। मौके पर महासचिव चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि कोरोना महामारी के पश्चात पिछले 2 वर्षो से राम भक्त मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म उत्सव मनाने में विफल रहे। इस वर्ष ईश्वर के आशीर्वाद से सभी राम भक्तों अति उत्साहित में भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव बनाएंगे तो वही बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा 251 किलो लड्डू का वितरण कर किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष विशाल खण्डेलवाल ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी सदस्यगण अति उत्साहित हैं। भक्ति भाव के बीच पूरे कार्यक्रम को संपन्न किया जाएगा।





## मलिकाना व मधगोपाली में कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ

### यज्ञ से आसपास के वातारण का शुद्धिकरण होता है, भक्ति भाव का सृजन होता है : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

चौत्र रामनवमी के शुभ अवसर पर बच्छई पंचायत के मलिकाना व यवनपुर पंचायत के मधगोपाली में कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ हुवा। कलश यात्रा में बड़ी सख्या में भक्तजनों के साथ बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जेएमएम नेता बिनोद विश्वकर्मा समाजसेवी भुनेश्वर यादव सम्मिलित हुए। इससे पूर्व आयोजको ने अतिथियो को भगवा वस्त्र व पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव को श्रीराम का पट्टा देकर स्वागत किया। मलि. काना से निकला कलश यात्रा जीटी रोड होते हुए बराकर नदी व मधगोपाली यज्ञ मंडप से निकला कलश यात्रा हथिया कोयला नदी तक पहुंचा। मलिकाना में वृन्दावन से आये यज्ञाचार्य ने वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जलभरणी का कार्य सम्पन्न कराया। पूर्व विधायक ने कहा कि यज्ञ से आसपास के इलाको के वातारण का शुद्धिकरण होता है। गाँव क्षेत्र में भक्ति का संचार होता है। मलिकाना कलश यात्रा में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र रजक, सांसद प्रति. निधि अर्जुन साव व राजेन्द्र चंद्रवंशी, जीप सदस्य रामस्वरूप पासवान, भा. जपा नेत्री आरती कौशल, देवल यादव, सीताराम साव, गजाधर साव, सहदेव प्रसाद यादव, मुनेश्वर गुप्ता, शिक्षक प्रकाश कुमार, संतोष पांडेय, कांग्रेस नेता नकुल रजक, संतोष रजक, वही दादपुर में मुखिया संघ अध्यक्ष रा. जदेव यादव, दादपुर मुखिया प्रतिनिधि अरविंद सिन्हा, भाजपा महामंत्री आशीष सिंह, सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह, रामचन्द्र सिंह, सहित अन्य।





**भगवान श्रीराम के कथा से गूंजेंगा मलिकाना**

मलिकाना यज्ञ समिति के अध्यक्ष बिनोद साव, सचिव योगेन्द्र यादव व कोषाध्यक्ष शंकर दयाल साव ने बताया कि नौ दिनों तक चलने वाले यज्ञ में वृन्दावन से आई सुप्रसिद्ध कथा वाचक चित्रा शुक्ला अपने मुखारबिंद से भग. वान श्रीराम कथा सुनाएंगी। यज्ञ सफल बनाने में रामलाल साव, कृष्णा यादव, छोटन साव, सिकन्दर रजक, अर्जुन साव, महाबीर साव, भैरो साव, दिलेश्वर साव, बा. सुदेव साव, सरयू यादव, मुकेश साव, राजेन्द्र साव, आगंद, मिथलेश, रवि कुमार, भैरो साव, आदि महती भूमिका रहे है।

## हिन्दू नववर्ष को लेकर गांवा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गांवा में हिन्दू नववर्ष शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में विभिन्न हिन्दू संगठन, व सामाजिक संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होकर गांवा प्रखंड चौक चौराहे का भ्रमण किया। गांवा काली मंडा में सभी एकत्रित होकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा गांवा काली मंडा से शुरू होकर पटना, माल्डा , गद्दर , खरसान आदि गांवों का भ्रमण करते हुए पुनः काली मंडा गांवा पहुंचकर यात्रा संपन्न हुआ। शोभायात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने जहा हिंदू एकता से संबंधित नारे लगाए। भारत माता की जय एवं जय श्री राम , हर घर भगवा छाएगा राम राज फिर आएगा, वंदे मातरम् आदि के नारा से पूरा गांवा प्रखंड गुंजायमान हो गया। शोभा यात्रा के क्रम में शामिल युवा वर्ग थिरकते हुए नववर्ष का जश्न मना रहे थे। युवा हाथ में भगवा झंडा लहराते हुए चल रहे थे जिसे देखने के लिए सड़क के दोनों ओर काफी संख्या में लोग जुटे थे। साथ ही आम जनों को हिंदू नववर्ष की बधाई दी गई। मौके पर विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष भगवान दास बन. वाल,शुभम भानु, हंसराज पांडे, अजीत पाण्डेय ,अजीत शर्मा, विकास रंजन, विकास पाण्डेय, उपेन्द्र स्वर्णकार, जितेन्द्र सिंह, नितेश बर्नवाल आदि सैकड़ों रामभक्त उपस्थित थे। हिन्दू नव वर्ष को लेकर शोभा यात्रा के दौरान गांवा पुलिस बल रहे तैनात गांवा में हिन्दू नववर्ष को लेकर शोभा यात्रा निकाला गया था जिसके मद्देनजर प्रशासन ने अपने स्तर पर व्यापक इंतजाम किया गया था। प्रखण्ड के विभीन्न चौक चौराहे पर हर तरफ पुलिस मौजूद थी। मौके पर थाना प्रभारी पिंटू कुमार, संजय सिंह, विश्वनाथ मुर्मू, दीपक सिंह दल बल के साथ मौजूद रहे।




## ईंट भट्ठे में छापेमारी में 55 बोरी अवैध कोयला जब्त

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को सिरैय पंचायत के झरी पुल के पास संच. ालित एक ईंट भट्ठे में छापेमारी की। कार्रवाई में कुल 55 बोरी अवैध स्टीम कोयला जब्त किया गया। जिसका वजन लगभग 1650 किलो है। मामले में ईंट भट्ठा संचालक बगोदर बेलदारी टोला निवासी बबलू बिंद पिता स्व. लटलु बिंद के खिलाफ कोल माइंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## विष्णुगढ़ के उच्चाघाना में आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल का उद्घाटन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ प्रखंड के उच्चाघाना में शनिवार को आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल का उदघाटन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विष्णुगढ़ पूर्वी जिला परिषद सदस्य मिं. थला पटेल, मध्य जिला परिषद सदस्य यशोदा देवी तथा विधायक प्रतिनिधि रीना बर्मन ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यालय की शुरूआत की। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने नृत्य, संगीत समेत शिक्षा से संबंधित विविध जागरूकता संदेश प्रसारित किया। जिसे लोगों ने काफी सराहा। विद्यालयच प्रबंधन समिति के द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ तथा नोटबुक देकर स्वागत किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। जीवन में सफल होने के लिए शिक्षा एक अहम माध्यम है। अपने बच्चों को बिना भेदभाव के शिक्षा दें। ग्रामीण क्षेत्र में यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। अन्य अतिथियों ने कहा कि विद्यालय में कम शुल्क पर बेहतर शिक्षा अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से इस विद्यालय के विद्यार्थियों को प्राप्त होंगे। इसका लाभ उठायें। मौके पर प्रबंधन समिति के सद्स्य कपिलदेव चौधरी, अनुराग बर्मन, राणा इकबाल खान, संजय सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, प्रकाश सिंह, दिग्विजय नारायण, प्राचार्य संतोष मंडल, समा. जसेवी चंदेश्वर महतो, विशेश्वर महतो, संजय पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।




## विष्णुगढ़ में बाइक पर लदा भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

हजारीबाग एसपी द्वारा मिली गुप्त सूचना के आधार पर विष्णुगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को भारी मात्रा में विस्फोटक लदा एक बाइक जब्त किया। मामले में एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। बाइक की डिक्की में जिले. टिन 85 पीस, डेटोनेटर 80 पीस, बिना कवर का पतला स्टील पात करीब 500 ग्राम तथा एक एक्सप्लोडर पाया गया। थाना प्रभारी जगलाल मुंडा ने बताया कि सूचना मिली कि बेड़ा हरियारा पंचायत के चलनियां में एक निर्माणाधीन कुएं के पास खड़ी बाइक (जेएच11जेड 3889) पर भारी मात्रा में विस्फोटक लदा है। जिससे कुएं की खुदाई के क्रम में मिले पत्थर को डाइनामाईट की मदद से तोड़ने का काम किया जाएगा। इस पर कार. वाई करते हुए पुलिस ने तालेश्वर यादव पिता स्व. घनश्याम यादव के निर्माणाधीन कुएं के पास पहुंची तो देखा कि वहां एक बाइक खड़ी है। बाइक की जांच में डिक्की और सीट पर रखे हुए बोरा में भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया। मौके पर खड़े बाइक मालिक रा. जधनवार थाना क्षेत्र के बा. राजोरी खीरसोता निवासी सिकंदर कुमार साव पिता लोकनाथ साव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसे लेकर विष्णुगढ़ थाना में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत सिकंदर कुमार साव, राजू साव पिता जगदीश साव दोनों राजधनवार निवासी तथा कुएं का मालिक तालेश्वर यादव को आरोपी बनाया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चैती दुर्गा पूजा व रामनवमी को लेकर केंद्रीय महावीर मंडल समिति ने परिसदन भवन में किया बैठक


**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**रोहित कुमार**



गिरिडीह : आज दिन शुक्रवार को पुराना परिसदन भवन में केंद्रीय महावीर मंडल समिति की बैठक बाबुल प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में गिरिडीह के सभी चौती दुर्गा पूजा और रामनवमी अखाड़ा समिति के 25- अध्यक्ष और सचिव उपस्थित हुए और सभी की एक राय हुई कि हर वर्ष की भांति समय पर अखाड़ा और झांकी आएगा और जाएगा सुबह का अखाड़ा 4:00 बजे सुबह आएंगे और 5:00 बजे सुबह बड़ा चौक छोड़ देंगे वहीं शाम का अखाड़ा 5:00 बजे बड़ा चौक आ जाएंगे और समय से छोड़ देंगे। मौके पर केंद्रीय मंडल समिति के अध्यक्ष बाबुल प्रसाद गुप्ता, महासचिव रा. जेंद्र प्रसाद यादव, कृष्णा लाल ठाकुर, निर्भय सिंह, अशोक यादव, अनिल केसरी, विनोद यादव, दीपक शर्मा ने संयुक्त रूप से पूरे जिलेवासियों को दुर्गा पूजा, छठ पूजा एवं महारामनवमी पर्व हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाने की अपील किए। आज के इस बैठक में रंजीत यादव, प्रकाश खंडेलवाल, , विजय यादव, बालेश्वर यादव, श्रवण केसरी, काली प्रसाद, अशोक दास, देव कुमार दास, सिकंदर दास, राजू यादव, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, कृष्णा तुरी, लघु साहब, मदन शर्मा सरजू पाठक, सीतारामदास आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश युवा कांग्रेस ने अनुशासनहीनता को लेकर राजधनवार विधानसभा उपाध्यक्ष को सभी पदों से किया मुक्त

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**रोहित कुमार**



भारतीय युवा कांग्रेस
जिला कमिटी, गिरिडीह

मो० हसनैन अली
जिला अध्यक्ष

आवास :
पता - मोहनपुर, पो० - उदनाबाद
जिला- गिरिडीह (झारखण्ड) 815302
मो0- 9431144837, 9234940347

कार्यालय : बस स्टैण्ड रोड, बक्सीडीह, जिला- गिरिडीह (झारखण्ड) 815301

पत्रांक 05/IYC/GRD......... दिनांक 31/03/2022

श्रीमान
सुभाष यादव
राजधनवार विधानसभा उपाध्यक्ष
गिरिडीह युवा कांग्रेस

विषय - युवा कांग्रेस के निर्वाचित राजधनवार विधानसभा उपाध्यक्ष के पद पर रहकर भाजपाई मानसिकता दर्शाने के कारण बताओ नोटिस और अगले आदेश तक युवा कांग्रेस के सभी पदों से पद मुक्त करने हेतु !

आपको सूचित किया जाता है की आपने गिरिडीह युवा कांग्रेस के राजधनवार विधानसभा उपाध्यक्ष के पद पर रहकर भाजपाई मानसिकता को दर्शाते हुए प्रिंट मीडिया में कहा है कि देश ही नहीं विदेशों में भी भाजपा का डंका बज रहा है जो अनुशासनहीनता के तहत गलत टिपण्णी की है ! और इसको देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार आपको तत्काल प्रभाव से युवा कांग्रेस के सभी पदों से अगले आदेश तक पद मुक्त किया जाता हैंऔर 15 दिनों के अंदर अपने जिला अध्यक्ष को बताइएगा की आपने ऐसी अनुशासनहीनता क्यों की है ? और आपको आपके पद से क्यों ना पदमुक्त किया जाय !

गिरिडीह : जिला युवा कांग्रेस के राजधनवार विधानसभा उपाध्यक्ष सुभाष यादव के द्वारा भाजपाई मानसिकता के तहत अनुशासनहीनता को लेकर झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज के निर्देशानुसार सुभाष यादव को सभी पदों से पद मुक्त किया गया है और 15 दिनों के अंदर अपना जवाब युवा जिला अध्यक्ष हसनैन अली को बताने को कहा गया कि आपको आपके पद से क्यों ना हटाया जाए साथ ही हसनैन अली ने कहा कि संगठन सर्वपरी है और संगठन के साथ किसी भी तरह की अनुसासनहीनता बर्दास्त नहीं किया जा सकता है !

## राजपुर थाना में रामनवमी व सरहुल को लेकर सम्पन्न हुआ शांति समिति की बैठक

### सरकार के गाइड लाइन के हिसाब से ही निकलेगी जुलूस :– अविनाश

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी :– शनिवार को रामनवमी महापर्व एवं सरहुल पर्व को लेकर रा. जपुर थाना में शांति समिति की बैठक अंचल अधिकारी हुलास महतो के अध्यक्षता में आयोजन किया गया।जिसमें दोनो समुदाय से सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए।बैठक में दोनो समुदाय से लोग बारी बारी से अपने अपने अखाड़ों के जुलूस निकालने और जुलूस के रूट चार्ट पर विशेष चर्चा किए।बैठक वक्ज सम्बोधित करते हुए एस डी पी ओ अविनाश कुमार ने कहा कि सरकार के गाइड लाइन के मुता. बिक ही जुलूस निकाला जाएगा।गाइड लाइन के विरुद्ध किसी भी सूरत में जुलूस का आदेश नहीं होगा।वहीं सी ओ हुलास महतो ने कहा कि शाम छः बजे के पहले ही जुलूस को खत्म करना होगा।जुलूस में कोई साउंड और डी जे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंद रहेगा तथा जुलूस में डी जे के जगह पर तासा, नगाड़ा,डंका पारम्परिक वाद्ययंत्र आदि बजाने पर छूट है।बैठक में थाना प्रभारी विकास पासवान,अरुण सिंह,राजेश दास,योगेश यादव,मो. रियासत,मो.इकबाल,विनय सिन्हा,सतीश सिंह, चन्दन कुमार,राजकुमार सिंह सहित दोनो समुदाय से सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

## चतरा पुलिस की नशे के सौदागरों पर एक बार फिर हुई बड़ी कार्रवाई

### अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार भेजा गया जेल

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**





कान्हाचट्टी :– पुलिस अधीक्षक चतरा राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रा. जपुर थाना क्षेत्र के कोल्हैया के बगहा मोड़ से दो तस्करों सहित 5 किलो 166 ग्राम गिला अफीम के साथ पकड़े गए। शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने राजपूर थाना में प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी।श्री कुमार ने बताया कि आरक्षी अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि लुटुदाग तरफ से कोल्हैया की ओर अफीम तस्कर अफीम लेकर जा रहे हैं।जिसके बाद एस डी पी ओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और कोल्हैया के बगहा मोड़ के समीप छापेमारी किया गया,जिसमे एक मोटर साइकिल पर सवार दो युवक आए जिनका जब मोटरसाइकल की जांच हुई तो उनके पास से दो केन में 5 किलो 166 ग्राम गीला अफीम एक मोटर साइकिल बरामद किया गया। संबंध में राजपुर थाना कांड स0–20/2022, दिनांक–02.04.2022, धारा–18/27(A)/29/30 N-D-P-S- Act दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। इधर एस डी पी ओ ने कहा कि अफीम माफियाओं पर लगातार उनके कमर तोड़ने का काम प्रशासान कर रही है।अफीम माफियाओं को कभी बक्सा नहीं जाएगा।. उन्होंने कहा कि जो इस कारोबार में संलिप्त है उनका जगह अब जेल में ही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**

1. बुधन कुमार उम्र करीब 21 वर्ष, पिता हुलास सिंह, सा0–तिलेटाड़, थाना– धनगाई, जिला गया (बिहार)
2. ब्रम्हदेव कुमार उम्र करीब 18 वर्ष, पिता स्व0 राजकुमार सिंह, सा0–तिलेटाड़, थाना धनगाई, जिला (बिहार)

**बरामद सामानो का विवरणी**

दो स्टील के केन में कुल 5.166 कि0ग्रा0 (केन सहित) 2. हिरो होण्डा मोटर साइकिल न0–JH13H-5913 250 (दो सौ पचासरुपया) छापामारी दल में शामिल लोग अनुमंडल पुलिस पदा. धिकारी महोदय श्री अविनाश कुमार प0अ0नि0 विकास पा. सवान थाना प्रभारी राजपुर स0अ0नि0 राजेश कुमार शर्मा थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे!

## जंगल में आग लगाने से जल मर गये पेड़ पौधे

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह वन विभाग के पैरोडी तेलोडीह वन क्षेत्र स्थित कोवाड तिगोजोरी कजरो के जंगल में आग लगा देने से काफी संख्या में जंगली पौधे जलकर राख हो गया और कई जल जाने से सूखते जा रहे हैं। एक तरफ सरकार वन सुरक्षा को लेकर काफी बड़े–बड़े बजट बनाती है वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग अपनी सुविधा के लिए जंगल में आग लगा देते हैं । जंगल के जले हुए भाग को देखने से स्पष्ट पता चलता है की महुआ चुनने के लिए आग लगाई गई है। गिरिडीह वन विभाग इस विषय पर संज्ञान लेकर उचित कार. 'वाई करें और लोगों को जागरूक करें ताकि कोई जंगल में आग ना लगा सके और जंगल की सुरक्षा हो सके । प्रत्येक वर्ष महुआ चुनने के लिए लोगों द्वारा जंगल में आग लगा देने से जंगल के पेड़ पौधों वन्य प्राणियों जड़ी बूटी जलकर नष्ट हो जाते हैं अगर ऐसा होता है या चलता रहा तो एक दिन जंगल का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा ।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बरकट्ठा थाना परिसर में रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

### रामनवमी जुलुश में डीजे पर लगा है प्रतिबंध सरकारी दिशा निर्देश का करें पालन



**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा थाना परिसर में शनिवार को रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीपीओ नाजिर अख्तर व संचालन थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने की।मौके पर बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा, इंस्पेक्टर अमित लकड़ा उपस्थित थे । बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा कि इस वर्ष रामनवमी में डीजे पर पुर्ण प्रतिबंध रहेगा।वही रामनवमी को लेकर सरकारी दिशा निर्देश से अवगत कराया गया साथ ही सभी अखाड़ा के अध्यक्ष सचिव को जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित स्व घोषणा पत्र भरवाया गया । थाना प्रभारी विक्रम कुमार ने कहा कि अफवाह पर ध्यान नही दे किसी भी तरह की जानकारी थाना को सूचित करें साथ ही जुलूस निर्धारित रुट से गुजरेगी साथ ही जुलूस में निर्धारित संख्या में सरकारी गाइडलाइंस के अनुसार ही कार्य करे । बैठक में प्रमुख रूप से प्रखंड प्रमुख रामलखन मेहता, अपराजिता कुमारी, समाजसेवी मो यासीन खां, मुखिया मुंशी पासवान, मुखिया गोपाल प्रसाद, केदार साव, समाजसेवी दर्शन सोनी, पूर्व मुखिया मोइन अंसारी, भाजपा ओबीसी जिला उपाध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी, संतोष कुमार देव,रीतलाल प्रसाद,मो इम्तियाज भारती, मौलवी रमजान, अनिल कुमार आजाद, प्रदीप कुमार मंडल, भोला प्रसाद,सरयू यादव, पंसस उतिम महतो, द्वारिका पासवान, संजय यादव, अपराजिता चौधरी, इंद्रदेव यादव, रामखेलावन यादव, पंसस बीरेन्द्र कु शर्मा, रामजी मंडल,यमुना प्रसाद, बिरेन्द्र मेहता, महेश मंडल,इस्राएल अंसारी, विनोद प्रसाद, राजेन्द्र प्रजापति, रामावतार यादव, दिलीप प्रसाद, विकास कुमार, रामखेलावन यादव, जीवन यादव, छोटी दास समेत सभी अखाड़ा के अध्यक्ष व सचिव उपस्थित हुए ।

## सरहुल रामनवमी पूजा को ले शांति समिति की बैठक

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा गोरहर थाना परिसर में रामनवमी व सरहुल को ले शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता नजीर अख्तर ने की मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कीर्तिबाला लकड़ा, अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी इंस्पेक्टर अमित लकड़ा भी उपस्थित थे । थाना प्रभारी राधा कुमारी ने अपने सम्बोधन में कहा की सरकार के द्वारा निर्धारित गाइडलाइन को पालन करते हुए पूजा त्यौहार की मनाया जाए साथ ही निर्धारित रूट व समय की पाबंदी रहेगी अफवाहों पर ध्यान नही दिया जाए कुछ बात हो तो थाना से सम्पर्क करें । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कीर्तिबाला लकड़ा, अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी, पुलिस इंस्पेक्टर अमित लकड़ा गोरहर थाना प्रभारी राधा कुमारी, मुखिया नरेंद्र सिंह, पंसस लोकनाथ राणा, कुलदीप पांडेय, सुनील पांडेय , समाजसेवी मो यासीन खां, मो निजाम अंसारी माले प्रखंड अध्यक्ष शेरे मोहम्मद, बेलकपी मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा, उप मुखिया सुरेश पांडेय, सफीक अंसारी, मौलवी रमजान , टुकलाल नायक, चन्द्रशेखर सिंह, वीरेंद्र पांडेय, श्याम सिंह, प्रताप सिंह ,रामजी बेसरा के अलावा विभिन्न डीजे वाले और विभिन्न अखाड़ा के अध्यक्ष सचिव उपस्थित थे,

APEM
LIVE

## बसंती दुर्गा पूजा को ले कलशयात्रा का आयोजन बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया




**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम सलैया में बसंती दुर्गा पूजा को ले 1021कलशों से सुसज्जित भव्य कलशयात्रा का आयोजन किया गया अतिथियों ने अपने कर कमलों से सर्वप्रथम सभी देवी देवताओं को आह्वन कर पीले वस्त्रों में सजी देवी स्वरूपा माताओं व बहनों को कलश देखकर विदा किया गया ततपश्चात भक्ति गीतों पर झूमते नगर भ्रमण करते हुए सलैया पंचफेढ़ी चौक,घूमते हुए सभी मंदिरों में घी का दीपक जलाकर उत्तरवाहिनी बरसोती नदी में विधि-विधान से देवताओं को आह्वन कर जल याचमन कर अपने अपने जलपात्र में जल भर कर पुनः नगरभ्रमन करते हुए सलैया दुर्गा मंडप में कलश को रख कर प्रतिस्थापना की गई प्रसिद्ध पुजारियों की अगुवाई में 9 दिवसीय इस रामनवमी को सम्पन्न कराया जा रहा है कार्यक्रम में मशहूर पंडितों द्वारा प्रवचन व जागरण की प्रस्तुति प्रत्येक दिन की जाएगी वही कलशयात्रा के साथ पवित्र नवरात्र प्रारंभ हो गया मौके पर मुख्य रुप से पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव जीप सदस्य कुमकुम देवी, प्रखण्ड प्रमुख रामलखन मेहता मुखिया गोपाल प्रसाद, पंसस गुड़िया कुमारी, टिंकू प्रसाद, मणिलाल चौधरी, सचिव रामचन्द्र चौधरी, अध्यक्ष विकास कुमार, अपराजिता कुमारी, प्रकाश मंडल, बजरंग दल के संजय यादव, विनोद प्रसाद, धीरज गुप्ता, सत्यम भारती पूर्व मुखिया इंद्रदेव प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, सौरभ कुमार, विजय पंचायत समिति सदस्य विजय पासवान, गायत्री परिवार के सदस्य वीरेंद्र प्रसाद, बासुदेव महतो, छोटी महतो, तुलसी प्रसाद, चौधरी, सुरेंद्र प्रसाद, राजकुमार, गोपी प्रसाद समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति थी

## आरएसएस की ओर से मानयी गई हिन्दू नव वर्ष व आरएसएस से सरसंघचालक केशव बलिराव हेडगेवार की जयंती

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रखण्ड मैदान में आरएसएस ने मानयी हिन्दू नव वर्ष , आरएसएस की ओर से प्रखण्ड मैदान में हिन्दू नव वर्ष उत्साह पूर्वक मनाया गया। आरएसएस से सरसंघचालक केशव बलिराव हेडगेवार के चित्र पर पुष्प अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बरही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक बंधुओं ने समाज जागरण और देश जागरण का अनुपम कार्य का निष्पादन किया। प्रातः क़ालीन शाखा में सूर्यनमस्कार, दण्डयोग, और समता के द्वारा शारीरिक अभ्यास के माध्यम से एक स्वस्थ्य समाज की स्थापना करने का दृढ़ संकल्प लिया।हिन्दू नववर्ष मनाने का उद्देश्य को साझा करते हूए बौद्धिक कर्ता ने कहा कि हम एक ऐसी समाज निर्माण की कल्पना करते है जो हिन्दुत्वनिष्ठ हो और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो और उनका जीवन ग्रामों,वनों और झुग्गी झोपड़ियों में निवास करने वाले अपने दिन दुःखी अभावग्रस्त बंधुओं को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लालायित हो।मौके पर उत्तर पूर्व क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहू, विभाग प्रचारक कुणाल जी, जिला सेवा प्रमुख राजेश केसरी, खंड कार्यवाह प्रभु राणा, मुख्य शिक्षक राज किशोर गुप्ता, प्रार्थना वाचक बलराम केसरी, प्रिन्स रविशंकर प्रियदर्शी खण्ड सेवा प्रमुख, राम पदारथ शर्मा, डॉ कृष्णा प्रसाद केसरी, गुरुदेव गुप्ता, नंद किशोर कुमार, कैलाश ठाकुर, प्रदीप चंद्रवंशी, पिंटू केसरी, दिलीप राणा, चंदन केसरी, धर्मेंद्र प्रजापति, संतोष प्रजापति, दिलीप केसरी, सुभाष बरनवाल, सुरेंद्र सोनी, अशोक विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी में पसरा सन्नाटा इमरजेंसी सेवाएं रही बहाल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

राजस्थान के दौसा जिले के लालसेट में एक महिला का प्रसव के दौरान हुई मौत से उत्पन्न हालात से झारखंड की होनहार बेटी डॉक्टर अर्चना की खुदकुशी के विरोध में आईएमए व झासा ( झारखंड स्टेट् हेल्थ सर्विस ऐसोसिएशन ने कार्य बहिष्कार की घोषणा के तहत ओपीडी सेवाएं बाधित की गई थी ,जिसका मिला– जूला असर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़कागांव एंव प्राईवेट संस्थानों में ओपीडी सेवाएं को बंद रखा गया था । जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी में सन्नाटा पसरा रहा रहा। मरीज को बिना ईलाज करवाए ही वापस लौटना पड़ा । लेकिन इस कार्य बहिष्कार के दौरान बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी सेवाएं चालू होने के साथ कोविड़ वैक्सीनेशन सेंटर भी खुली रही जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा सेवाएं दी जा रही थी।

वहीं वैसे इमरजेंसी मरीजों व डिलीवरी पेसेंट को कार्यरत डॉक्टर पुनम मिंज ने ईलाज किया । साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्यरत डॉक्टर प्रभारी बी एन प्रसाद, डॉ कार्तिक, डॉ मनोज कुमार, डॉ अविनाश कुमार, डॉ मुक्ता आदि ने भी इमरजेंसी में अपनी सेवाएं दी ।इस मौके पर डॉक्टरों ने मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की जिसमें ऐसी घटनाओं का पुनरावृत्ति न हो और डॉक्टर को भयमुक्त माहौल मिलें और बिना किसी तनाव के मरीजों का ईलाज कर सकें।